


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के भारत के नवनिर्माण की अवधारणा के पीछे उदेश्य गांवों को शहर के समकक्ष बनाना है। इसके लिए केन्द्र सरकार उस दिशा में तेजी से काम कर रही है, जिससे 2022 तक न्यू इंडिया का सपना साकार किया जा सके। राष्ट्रऋषि नानाजी के ग्रामीण जीवन में बदलाव लाने की शुरू की गई पहल को श्री मोदी प्रेरक मानते हैं। उन्होंने कहा कि नानाजी ने गांव में जाकर खुद प्रयोग किए। अपने जीवनकाल में उन्होंने ग्राम विकास का संकल्प लेकर उसमें अपने आप को झोंक दिया। नानाजी अपने संकल्प को साकार करने के लिए जीवनभर जुटे रहे। उन्होंने नानाजी जन्म शताज़्दी कार्यक्रम में सज़्पूर्ण हिंदुस्तान से ग्रामोदय का सपना साकार करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली स्थित आईएआरआई पूसा में नानाजी देशमुख के जन्म शताज़्दी समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा नानाजी देशमुख के सज़्मान में डाक टिकट जारी किया गया। दीनदयाल शोध संस्थान और कृषि मंत्रालय द्वारा